<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>झंकार प्रतियोगिता का आयोजन</u>

पन्तनगर। 8 अप्रैल 2024। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में वेट वीक के अंतर्गत 'झंकार' नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जो की वेट वीक की चौथी प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में सोलो, डुएट एवं ग्रुप द्वारा प्रतिभाग किया गया। सोलो मे 14, डुएट में 5 और ग्रुप में 3 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा उत्तराखंडी लोक नृत्य, बॉलीवुड, शास्त्रीय नृत्य एवं विभिन्न प्रांतों की अलग–अलग नृत्य शैलियों के साथ–साथ वहां की वेश भूषा एवं वहां के प्रतीक चिन्हों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य महाविद्यालय, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कलाकारों द्वारा पहाड़ी (उत्तराखंडी), पंजाबी, मराठी, हिप हॉप एवं कई शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए गए। कुछ प्रतिभागियों द्वारा पौराणिक महाकाव्य जैसे महाभारत का मंचन भी नृत्य के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप मे डा. ओमवती वर्मा, डा. अलका वर्मा, प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय एवं डा. अमन कंबोज, सहायक प्राध्यापक, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन निर्णायक मंडल द्वारा प्रेरणादायक शब्दों से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। सोलो मे प्रथम स्थान स्नेहा नेगी, द्वितीय स्थान मेधावी नैनवाल और आंचल शाह, तृतीय स्थान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की जानवी भट्ट और पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के देवाशीष नाथ महंत ने प्राप्त किया। ग्रुप में प्रथम स्थान रंगीलो राजस्थान ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर लावण्या, (साक्षी और वैदेही) तथा तृतीय स्थान पर अलीशा एवं निधि रहे। कार्यक्रम में वेटरनरी सोसायटी स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश कोस्टाफ काउंसलर डा. अमित प्रसाद एवं अन्य प्राध्यापकों के साथ अपूर्वा रावत, प्रियांशी डोभाल, पियूष पांडे आदि समेत समस्त दर्शकगण उपस्थित रहे।

. 1: प्रतिभागियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार